# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान

(राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान)

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

दूरभाष : 0141– 2706577–78 फैक्स : 2706571

Web: www.igprgvs.rajasthan.gov.in , Mail: igprgvs@rajasthan.gov.in


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक : एफ4( )भण्डार / IGPRS / 2021 / 1427-28 दिनांक: 2/7/21

## सीमित निविदा

संस्थान में फोटो स्टेट एवं बाईन्डिंग कार्य की रेट कॉन्ट्रेक्ट हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रूपये लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा अपलोड़ करने की तिथि | निविदा ज़मा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फोटो स्टेट एवं बाईन्डिंग कार्य | 0.50 लाख | 200 / – | 02.07.2021 | 08.07.2021 |

निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से डाउनलोड़ किया जा सकता है।

उक्त कार्यो हेतु निविदाऐं मुहरबन्द लिफाफे में जिन पर स्पष्ट रूप से जिस कार्य के लिए निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम लिखा हो, इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में निर्धारित तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक जमा की जायेगी। निविदा उसी दिवस को अपराह्न 3:00 बजे विभागीय उपापन समिति द्वारा निविदादाताओं या उसके अधिकृत प्रतिनिधि, जो उपस्थित हो, के समक्ष खोली जायेगी।

बोली प्रपत्र, कार्य का विवरण व शर्ते जिस कार्य के लिए निविदा प्रस्तुत की जावे, उससे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र व शर्तो का ही प्रिन्ट लेकर निविदा प्रस्तुत करें।

**अतिरिक्त निदेशक**

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रोग्रामर उक्त निविदा प्रपत्र को विभागीय बेवसाईट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं SPPP Portal पर अपलोड़ करावे।
2. कार्यालय नोटिस बोर्ड, संस्थान।

**सहायक निदेशक (प्रशासन)**

## फोटो स्टेट कार्य की निविदा शर्ते व विवरण

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में जो कि संस्थान द्वारा जारी किया गया है, में ही प्रस्तुत किया जा सकेगा। निविदा विभाग की वेब साइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से भी डाउनलोड किया जा सकेगा।
2. निविदा उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बंद की जानी चाहिए निविदा उन्हीं फर्मो द्वारा दी जानी चाहिए जो वास्तव में इस प्रकार का कारोबार करती हो।
3. टेण्डर के सभी प्रपत्र व अनुलग्नक पर निविदादाता के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से होंगे।
4. निविदा में किसी प्रकार की कटिंग नहीं होनी चाहिए अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
5. निविदा दिनांक 08.07.2021 को दोपहर 12:00 बजे तक संस्थान कार्यालय में जमा करानी आवश्यक है।
6. निविदा दिनांक 08.07.2021 को उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।
7. निविदा देने वाली फर्म की निम्न जानकारी टेण्डर फार्म के साथ संलग्न की जावे।
   1. यदि फर्म एकल स्वामित्व की हो तो स्वामी का पूर्ण नाम, फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, कार्यालय एवं निवास का पूर्ण पता।
   2. यदि साझेदारी फर्म हो तो फर्म की साझेदारी–डीड, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा सभी साझेदारी के नाम एवं पूर्ण पते।
   3. यदि लिमिटेड फर्म है तो कम्पनी का मेमोरेण्डम व आर्टीकल ऑफ एसोसियेट्स तथा सभी डायरेक्टर्स के नाम एवं पूर्ण पते।
   4. फर्म के गठन से किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना तुरन्त विभाग को दी जावे किन्तु परिवर्तन के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले वाले सदस्य को मुक्त नहीं किया जा सकेगा।
8. निविदा फार्म के साथ में लगाये गये प्रमाणित दस्तावेजों की पुष्टि हेतु विभाग द्वारा मांगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
9. निविदा पर विचार उसी स्थिति में किया जावेगा जबकि निविदादाता, निविदा देने के साथ समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र, यथा
   1. फर्म का रजिस्टर्ड प्रमाण–पत्र
   2. GST का पंजीयन प्रमाण–पत्र
10. उपापन समिति को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने के पूर्ण अधिकार होंगे तथा इस कारण किसी भी प्रकार के उत्पन्न होने वाले दायित्वों से विभाग को कोई सरोकार नहीं होगा।

11. कार्य की प्रकृति के दृष्टिगत न्यूनतम दरों वाली निविदा को स्वीकार किया जावे आवश्यक नहीं है। ऐसी स्थिति में किसी भी निविदा अथवा उसके किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

12. दरें कागज, मशीन मय ऑपरेटर, कर एवं अन्य व्ययों सहित होगी। अनुबन्ध की अवधि के दौरान दरें स्थिर रहेगी। इसमें कमी–बेशी की कोई प्रार्थना स्वीकार नहीं होगी। फोटो स्टेट कार्य हेतु कार्मिक भी अनुबन्धकर्ता को ही उपलब्ध कराना होगा जो कार्य मे पूर्णतः दक्ष होना चाहिये। फोटो स्टेट हेतु मशीन तीन वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए।

13. फोटो स्टेट का कार्य सामान्यतया प्रातः 09.30 बजे से सांय 06:00 बजे तक कार्यालय में कराया जावेगा। विशेष परिस्थिति में इस समय के अलावा भी फोटो स्टेट कार्य कराया जा सकेगा जिसके लिए अलग से कोई पारिश्रमिक अथवा शर्त मंजूर नहीं होगी।

14. अनुबन्ध की अवधि : अनुबन्ध की अवधि कार्य आदेश जारी होने से एक वर्ष की होगी।

15. निविदादाता द्वारा निविदा आवेदन के साथ वार्षिक लागत की 2 प्रतिशत (1,000/–रूपये) बिड़ प्रतिभूति राशि के रूप में जमा कराना होगा।

16. निविदादाता को कार्य की वार्षिक लागत का 5 प्रतिशत कार्य निष्पादन राशि के रूप में जमा करानी होगी। जो कार्य संतोषजनक सम्पन्न होने के उपरान्त लौटाई जावेगी।

17. सफल निविदादाता को 500/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा, तथा 2,500/– रूपये धरोहर राशि के रूप में जमा करानी होगी।

**अतिरिक्त निदेशक**

उपरोक्त निविदा की शर्ते मैंने ध्यानपूर्वक पढ़ ली है एवं मैं उक्त शर्तो को स्वीकार करता हूँ मैंने प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर कर दिये है।

**निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर**
**मय पूरा पता व मोबाईल नं0**

# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान

(राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान)

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

दूरभाष : 0141– 2706577–78 फैक्स : 2706571

Web: www.igprgvs.rajasthan.gov.in , Mail: igprgvs@rajasthan.gov.in


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

## दरें प्रस्तुत करने का निविदा प्रपत्र

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तुत दरें प्रति नग |
|---|---|---|
| 1. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (A4) | |
| 2. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर दोनों साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (A4) | |
| 3. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (एस–पेपर) | |
| 4. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर दोनों साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (एस–पेपर) | |
| 5. | फोटोस्टेट रंगीन पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने सहित (पेपर सहित A4) | |
| 6. | स्पाईरल बाईडिंग (1 पेज से 25 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 7. | स्पाईरल बाईडिंग (25 पेज से 50 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 8. | स्पाईरल बाईडिंग (50 पेज से 100 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 9. | स्पाईरल बाईडिंग (100 पेज से 200 पेज) विथ मैटेरियल | |

उक्त दरों पर यदि लागू हो तो GST पृथक से नियमानुसार देय होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय पूरा पता व मोबाईल नं0